प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 22.04.2025
समय : 01:00 पी.एम.

एक राष्ट्र एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी की बैठक संसद भवन में चल रही है। 39 सदस्यीय समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल हैं। पहले सत्र में, समिति सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और सेवानिवृत्त न्यायाधीश तथा भारत के 21वें विधि आयोग के अध्यक्ष डॉ. बी.एस. चौहान के साथ बातचीत करेगी। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए, जेपीसी के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्र हित में है। इससे अर्थव्यवस्था को लाभ पंहुचेगा। उन्होंने कहा कि बार–बार चुनाव होने से शिक्षा प्रणाली में असुविधा होती है, जिससे छात्र और शिक्षक प्रभावित होते हैं। इसके लिए अर्धसैनिक बलों, चुनाव आयोग के कर्मियों और रसद व्यवस्था की भी आवश्यकता होती है।

विश्व पृथ्वी दिवस पर आज नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर–पूसा में 'पृथ्वी बचाओ सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन को कम करने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए बांस की क्षमता का पता लगाना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसकी शुरूआत करेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तथा पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव आज दिन भर चलने वाले कार्यक्रम में अलग–अलग सत्रों को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में देश भर से करीब 12 सौ प्रतिनिधि शामिल हो रहे है। इस दौरान, जलवायु कार्रवाई और हरित नवाचार में क्रांतिकारी बदलाव का नेतृत्व करने वाले 15 अग्रदूतों को इंडिया सस्टेनेबिलिटी अवाड्र्स 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इधर प्रदेश में भी विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। बालोतरा में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को पृथ्वी बचाने का संदेश दिया गया। अजमेर में विभिन्न संगठनों और संस्थाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये गये है। जैसलमेर के मोहनगढ नेहरी कस्बे में विद्यार्थियो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने अपने परिवार के साथ आज जयपुर के आमेर किले का दौरा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने उनका स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने उन्हें राजस्थानी संस्कृति और आमेर के एतिहासिक महत्व के बारे में बताया। श्री वैंस और उनके परिवार ने आमेर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया और मावठा सरोवर केसर क्यारी तथा जलेब चौक की सुंदरता की सराहना की। श्री वेंस दोपहर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाली अमेरिका भारत बिजनेस समिट में अपना उद्बोधन भी देंगे। इसके बाद श्री वैंस का राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा तीस जून से शुरू होगी। कोविड 19 के चार वर्षों बाद शुरू हो रही ये तीर्थ यात्रा उत्तराखण्ड सरकार और विदेश मंत्रालय के संयुक्त निरीक्षण में आयोजित की जाएगी। यह यात्रा दिल्ली से शुरू होकर चीन में प्रवेश करने के लिए पिथौरागढ के लिपुलेख दर्रे से होकर आगे बढेगी। 22 दिन की इस यात्रा में 250 तीर्थयात्री जाएंगे। इन यात्रियों को 50–50 के पांच जत्थों में विभाजित किया जाएगा।

झुंझुनूं में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्य सभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय

महामंत्री अरूण सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया। इस मौके पर 11 लोगों को व्हील चेयर, बैसाखी और ट्राई साइकिल के अलावा सहायता राशि के चैक दिए गए।

मौसम विभाग ने राज्य में आगामी दिनों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 5 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी होने की संभावना है।

बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा तापमान 41 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस श्रीगंगानगर और धौलपुर में रिकॉर्ड हुआ। इस बीच गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से लोगों को राहत देने के लिए व्यापक इंतजाम किये जा रहे है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आगामी रविवार को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।